BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-20.03.2025**

◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में भदोही पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही लगातार प्रभावी कार्यवाही

◆रात्रि चेकिंग के दौरान हुए पुलिस मुठभेड़ में थाना भदोही पुलिस टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता

◆राहगीरों के साथ मोबाइल लूट/छिनैती व वाहन चोरी करने वाले गिरोह के सरगना सहित 03 शातिर लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

◆अभियुक्तों के कब्जे से थाना भदोही अंतर्गत मोबाइल छिनैती की घटना से सम्बन्धित वीवो एंड्राइड मोबाइल फोन व तीन अन्य स्थानों से लूट/चोरी की गई 03 अदद मोबाइल सहित कुल-04 अदद मोबाइल फोन, चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल तथा एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद

◆थाना भदोही अंतर्गत जाहिदपुर, घमहापुर मार्ग पर राहगीर का मोबाइल छीनकर हुए थे फरार

◆उपरोक्त लूट/छिनैती की घटनाओं में प्रयुक्त बरामदशुदा अपाचे मोटरसाइकिल मोटरसाइकिल मध्य प्रदेश से किए हैं चोरी

◆बरामदशुदा अवैध तमंचा का राहगीरों को धमकाने में करते थे प्रयोग

◆अपने आर्थिक लाभ के उद्देश्य से राहगीरों को निशाना बनाकर लूट की घटनाओं को देते थे अंजाम

◆गिरफ्तारशुदा लुटेरों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता के संबंध में की जा रही जांच

◆गिरोह में शामिल/मौके से फरार दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा किया जा रहा प्रयास

घटनाक्रम-

दिनांक-02.03.2025 को श्री विपिन कुमार शर्मा निवासी काशीपुर थाना व जनपद भदोही द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि दिनांक-02.03.2025 को प्रातः घमहापुर, जाहिदपुर मार्ग पर जाते समय अपाचे मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाश हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-110/2025 धारा-134 बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।
श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक 19/20.03.2025 की रात्रि में थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान हुए पुलिस मुठभेड़ में तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए उपरोक्त मोबाइल छिनैती की घटना को कारित करने वाले गिरोह के सरगना कुल-03 लूटेरों

को कुदौला-याकूबपुर पुल के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से थाना भदोही अंतर्गत मोबाइल छिनैती की घटना से सम्बन्धित वीवो एंड्राइड मोबाइल फोन व तीन अन्य स्थानों से लूट/चोरी की गई 03 अदद मोबाइल सहित कुल-04 अदद मोबाइल फोन, चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल तथा एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। उपरोक्त लूट की घटनाओं में प्रयुक्त/बरामदशुदा टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल को अभियुक्तों द्वारा मध्य प्रदेश से चोरी किया गया था।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भदोही अंतर्गत मोबाइल छिनैती की घटना के संबंध में पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण किया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायर करने तथा नाजायज तमंचा मय खोखा व जिंदा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के संबंध में अभियुक्तों के विरुद्ध अंतर्गत धारा 109(1), 317(4),3 (5) बी.एन.एस. व 3/25 आयुध अधिनियम व 207 एम.वी. एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरोह में शामिल/मौके से फरार अभियुक्तों के अन्य दो साथियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। गिरोह के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा लूटेरों का नाम व पता-

1.अतीक अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी आलमपुर नई बस्ती थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 22 वर्ष (गैंग लीडर)

2.हारिस पुत्र अनवर निवासी बंधवा नई बस्ती थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 20 वर्ष

3.मकसूद पुत्र मोहम्मद जहीर अंसारी निवासी घमहापुर थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष

यह हुई बरामदगी-

थाना भदोही अंतर्गत मोबाइल छिनैती की घटना से सम्बन्धित वीवो एंड्राइड मोबाइल फोन व तीन अन्य स्थानों से लूट/चोरी की गई 03 अदद मोबाइल सहित कुल-04 अदद मोबाइल फोन, चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल तथा एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम-

व0उ0नि0 सरफराज अहमद, उ0नि0 संतोष कुमार सिंह, उ0नि0 श्याम जी यादव, का0 अभिषेक पाल, का0 शाहरुख खां, का0 विष्णु सिंह, का0 दीपक कुमार, का0 शक्तिपाल थाना व जनपद भदोही